# कार्यालय आयुक्त, सरगुजा संभाग, अम्बिकापुर (छ0ग0)

प्रतापपुर रोड, ग्राम सरगंवा, अम्बिकापुर, सरगुजा (छ0ग0) – 497001
दूरभाष (कार्या.) 07774-241401 (नि0) 07774-222600 फैक्स-07774-241501
**E-mail : comm-ambikapur.cg@gov.in**


:: आदेश ::

अम्बिकापुर दिनांक 28.07.2026

कमांक/423456/स्था./2026 अम्बिकापुर :: कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जशपुर के प्रस्ताव पत्र कमांक/366/ पी.ए./ शिकायत/2026 दिनांक 10.07.2026 अनुसार श्री अजय गुप्ता, लैब टेक्निशियन, शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर के विरूद्ध छात्राओं द्वारा प्रस्तुत शिकायत संबंधी जॉच प्रतिवेदन इस कार्यालय को उपलब्ध कराया गया है। जिला रोजगार अधिकारी, जशपुर द्वारा प्रस्तुत जॉच प्रतिवेदन दिनांक 01.07.2026 के निष्कर्षानुसार श्री गुप्ता के विरूद्ध छात्राओं द्वारा लगाये अभद्र व्यवहार एवं अनुचित स्पर्श (Undue Touch) संबंधी गंभीर आरोप प्रथम दृष्टया प्रमाणित पाए गये हैं।

श्री गुप्ता का उक्त कृत्य छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 एवं 22 के सर्वथा विपरीत है। अतएव श्री अजय गुप्ता, लैब टेक्निशियन, शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय जशपुर को छ.ग. सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 9(1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री गुप्ता का मुख्यालय कार्यालय क्षेत्रीय सहायक संचालक, उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग अम्बिकापुर नियत किया जाता है। निलंबन अवधि में उन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

"यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा"

Digitally signed by
NARENDRA KUMAR DUGGA
Date: 28-07-2026 12:42:15

आयुक्त
सरगुजा संभाग
अम्बिबकापुर (छ.ग.)

पृ.कमांक/423456/स्था./2026 अम्बिकापुर दिनांक 28.07.2026

प्रतिलिपिः–

1/सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग, महानदी भवन, नया रायपुर।

2/आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इन्द्रावती भवन, नवा रायपुर अटल नगर को सूचनार्थ।

3/कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जशपुर (छत्तीसगढ़) को उनके प्रस्ताव पत्र दिनांक 10.07.2026 के संदर्भ में सूचनार्थ। श्री गुप्ता के विरूद्ध आरोप पत्र, आरोप पत्र विवरण, अभिलेखो की सूची एवं अभियोजन साक्षियों की सूची यथाशीघ्र इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करेंगे।

4/क्षेत्रीय सहायक संचालक, उच्च शिक्षा सरगुजा संभाग अम्बिकापुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।

5/प्राचार्य, शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुर को सूचनार्थ।

6/जिला कोषालय अधिकारी, जशपुर छ.ग. को सूचनार्थ।

7/श्री अजय गुप्ता, लैब टेक्निशियन (निलंबित), शासकीय विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय, जशपुर (छ.ग.) को सूचनार्थ।

सही/–

आयुक्त
सरगुजा संभाग
अम्बिकापुर (छ.ग.)

Scanned with OKEN Scanner